भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 541**

जिसका उत्तर 28.11.2024 को दिया जाना है

**पथकर संग्रह**

541. श्री चरनजीत सिंह चन्नी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा अपनाए गए सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के माध्यम से पथकर संग्रह से अब तक कितना राजस्व अर्जित हुआ है;

(ख) क्या पथकर के कार्यान्वयन और इसे समाप्त करने के लिए कोई निश्चित समय-सीमा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उन पथकर-केन्द्रों का ब्यौरा क्या है जो समाप्त किए जाने के बावजूद अभी भी चालू हैं;

(घ) उन पथकर-केन्द्रों का ब्यौरा क्या है जो निर्दिष्ट क्षेत्र के मानदंडों को पूरा नहीं करने के बावजूद चालू हैं; और

(ङ) यदि वाहन खरीद के दौरान पहले से ही रोड टैक्स एकत्र किया जाता है, तो अतिरिक्त पथकर का क्या कारण है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) दिसंबर, 2000 से राष्ट्रीय राजमार्गों पर सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत वर्तमान में संचालित शुल्क प्लाजाओं पर प्रयोक्ता शुल्क के रूप में 1.44 लाख करोड़ रुपये एकत्र किए गए हैं।

(ख) और (ग) राष्ट्रीय राजमार्गों पर शुल्क प्लाजाओं पर प्रयोक्ता शुल्क राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियमावली, 2008 और उसमें किए गए संशोधन के अनुसार एकत्र किया जाता है।

(घ) और (ङ) राष्ट्रीय राजमार्गों पर सभी प्रयोक्ता शुल्क प्लाजा राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों का निर्धारण और संग्रहण) नियमावली, 2008 और संबंधित रियायत समझौते के प्रावधान के अनुसार स्थापित किए जाते हैं। सरकार, आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, राष्ट्रीय राजमार्ग के किसी भी खंड के उपयोग के लिए, राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियमावली के प्रावधानों के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्गों पर प्रयोक्ता शुल्क लगाती है।

*****